कुल प्रश्नों की संख्या : 26
Total No. of Questions: 26

कुल पृष्ठों की संख्या : 12
Total No. of Pages: 12

# हायर सेकेण्डरी परीक्षा, दिसम्बर – 2017

# 318

## विषय : अर्थशास्त्र

## Subject: ECONOMICS

समय : 03 घण्टे
Time: 03 Hours

पूर्णांक : 100
Maximum Marks: 100

*निर्देशः–*

*(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्न क्रमांक 6 से 26 तक आन्तरिक विकल्प दिये गये हैं।*

*(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक हैं। उपप्रश्न पर 1 अंक आवंटित हैं।*

*(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।*

*(iv) प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक प्रत्येक पर 03 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए।*

*(v) प्रश्न क्रमांक 15 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए।*

*(vi) प्रश्न क्रमांक 22 से 26 तक प्रत्येक पर 05 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए।*

*(vii) आवश्यकतानुसार स्वच्छ रेखा चित्र बनाइये।*

***Instruction:-***

***(i) All questions are compulsory. Internal options are given is question number 6 to 26.***

***(ii) Question number 1 to 5 are objective type. Each question carries 05 marks and each sub question carries 01 mark.***

***(iii) Question number 6 to 10 each carries 2 Marks. Answer these questions approximately in 30 words each.***

***(iv) Question number 11 to 14 each carries 3 marks. Answer these questions approximately in 75 words each.***

***(v) Question number 15 to 21 each carries 4 marks. Answer these questions approximately in 120 words each.***

***(vi) Question number 22 to 26 each carries 5 marks. Answer these questions approximately in 150 words each.***

***(vii) Draw neat and labelled diagram wherever necessary.***

mpcareer.in

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए। **(1×5=5)**

(i) किसी परिवार द्वारा साइकिल की खरीदी है:

(अ) निवेश

(ब) उत्पादन

(स) उपभोग

(द) उपर्युक्त में से कुछ भी नहीं।

(ii) यदि किसी कीमत विशेष पर वस्तु की मांगी जा रही मात्रा आपूर्ति की मात्रा से अधिक हो तो:

(अ) कीमत बढ़ने लगती है

(ब) मांग घटने लगती है।

(स) आपूर्ति बढ़ने लगती है

(द) उपर्युक्त तीनों ही बातें होती है

(iii) आगम ............................ही है:

(अ) लाभ

(ब) कर

(स) विक्रय से प्राप्तियां

(द) कुल लाभ

(iv) सरकार का बजट किसका वित्तीय विवरण है?

(अ) अनुमानित व्ययों का

(ब) अनुमानित प्राप्तियों का

(स) अनुमानित व्ययों एवं अनुमानित प्राप्तियों दोनों का

(द) वास्तविक व्ययों एवं प्राप्तियों का

(v) आजादी के समय अमेरिका की प्रति व्यक्ति आय, भारत की तुलना में कितना गुणा अधिक थी?

(अ) 30

(ब) 25

(स) 9

(द) 3

mpcareer.in

Select the correct Alternative:

(i) Purchase of a cycle by a household is:

(a) Investment

(b) Production

(c) Consumption

(d) None of the above

(ii) It at the given price to a commodity its quantity demanded is greater than its quantity supplied then:

(a) Price starts rising

(b) Demand starts falling

(c) Supply starts rising

(d) All of the above happen

(iii) Revenue is the same as:.

(a) Profits

(b) Tax

(c) Sales receipts

(d) Total profits

(iv) A government budget is a statement of:

(a) Expected expenditures,

(b) Expected receipts

(c) Both expected expenditures and receipts

(d) Actual expenditures and receipt

(v) In 1950 – 51, per capita income of USA as compared to India was more than:

(a) 30 times

(b) 25 times

(c) 09 times

(d) 03 times



mpcareer.in

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति करिए: **(1×5=5)**

(i) ....................................................................= सकल निवेश – मूल्य ह्रास।

(ii) जिसका शेष विश्व से कोई आर्थिक संबंध नहीं हो वह एक......................अर्थव्यवस्था होती है।

(iii) उत्पादक इकइयाँ परिवारों से साधन सेवाएँ खरीदती हैं और उन्हें बदले में ................................ ..........................................आय/भुगतान देती है।

(iv) कीमत में कमी के कारण माँग में वृद्धि को माँग का .................................. कहते हैं।

(v) जब आपूर्ति में वृद्धि पूर्ववत् कीमत पर होती है तो इसे आपूर्ति .....................कहते हैं।

Fill in the blanks:

(i) …………………… = Gross investment – depreciation.

(ii) The economy having no economic relations with rest of the world is a ………………. Economy.

(iii) The production units buys factor services from the households and in return make …………………………....payments.

(iv) When demand rises due to a fall in price, it is called …………………………..of demand.

(v) When supply of a commodity rises at the same price, it is called ……………..…supply.

प्र.3 सत्य/असत्य बताइए – **(1×5=5)**

(i) वस्तुएँ और सेवाएँ प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से लोगों की आवश्यकताओं की संतुष्टि करती है।

(ii) सांख्यिकीय आंकड़े गुणात्मक होते हैं।

(iii) द्वितीयक आंकड़े अन्वेषक द्वारा स्वयं एकत्र किये जाते है।

(iv) तालिका का शीर्षक सटीक और संक्षिप्त होना चाहिये।

(v) समाष्टि अध्ययन अर्थ व्यवस्था की किसी एक इकाई का अध्ययन है।



mpcareer.in

State True/False:

(i) Goods and services satisfy the wants of the people directly or indirectly.

(ii) Statistical data are qualitative data.

(iii) Secondary data are collected by the investigator himself.

(iv) The title of a table should be brief and to the point.

(v) Macro economic studies relate to a small part of the economy.

प्र.4 सही जोड़ियाँ बनाइए: **(1×5=5)**

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (i) आंकड़ो का विश्लेषण | (क) आगम |
| (ii) आंकड़ो का निर्वचन | (ख) प्रति हेक्टेयर उत्पादन |
| (iii) उत्पादन के साधन | (ग) औसत, बहुलक, माध्यिका |
| (iv) उत्पादन की बिक्री से हुई प्राप्ति है | (घ) निष्कर्षों तक पहुँचना |
| (v) भूमि की उत्पादकता | (ङ.) श्रम, भूमि, पूँजी |

Match the columns:

| 'A' | 'B' |
|---|---|
| (i) Analysis | (a) Revenue |
| (ii) Interpretation | (b) Production Per hectare |
| (iii) The factors of production | (c) Mean, mode, median |
| (iv) Is received from the sale of production. | (d) Arriving at conclusions |
| (v) Productivity of land | (e) Labour, land, capital |

mpcareer. in

प्र.5 एक शब्द / वाक्य में उत्तर दीजिए: **(1×5=5)**

(i) कुल अचल लागत और कुल परिवर्ती लागत का योग बराबर है। ........................

(ii) यूरिया उर्वरक का एक उदाहरण है। ........................................

(iii) प्राथमिक क्षेत्र का एक मुख्य घटक लिखें।

(iv) जनसंख्या वृद्धि दर, जन्म दर पर निर्भर करती है। (हाँ / नहीं)

(v) जनसंख्या के तेजी से बढ़ने से जनसंख्या का घनत्व घटता / बढ़ता है।

Answer in one word/sentence.

(i) The sum of total fixed cost and total variable cost is equal to ……………..

(ii) Example of Urea fertilizer is ……………………

(iii) Write a main constituent of the primary sector.

(iv) Rate of growth of population depends on the birth rate. (Yes/ No)

(v) Fast increase in population increases/ decreases the density of population.

प्र.6 भारतीय अर्थव्यवस्था की दो नकारात्मक विशेषताएं दीजिये। **(2)**

Give two negative features of Indian Economy.

**अथवा / OR**

अर्थव्यवस्था के संसाधनों में संवृद्धि किस प्रकार हो सकती है? (दो बिन्दु)

How can resources grow in an economy? (Two points)

प्र.7 अर्थशास्त्र में सांख्यिकी की आवश्यकता बताएं। (एक बिन्दु) **(2)**

State the need of Statistics in economics. (One point )

**अथवा / OR**

संक्षेप में सांख्यिकी के विषय क्षेत्र का विवरण दें।

Outline the scope of Statistics.

mpcareer.in

प्र.8 'उत्पादन का मूल्य' का विचार समझाइए। (2)

Explain the concept of 'Value of output'.

**अथवा / OR**

समझाइए कि राष्ट्रीय आय के अनुमानों का उपयोग देश की जनता के जीवन स्तर के बारे में निष्कर्षों तक पहुँचने में किस प्रकार किया जाता है।

Explain how the national income data can be useful in drawing conclusions about the standard of living and level of investment in a country.

प्र.9 समष्टि अर्थशास्त्र क्या है? (2)

What is macro economics?

**अथवा / OR**

व्यष्टि अर्थशास्त्र की विषय – वस्तु क्या है?

How are micro economic theories constructed?

प्र.10 औद्योगिक विकास पर प्रभाव डालने वाले कारकों का स्पष्टीकरण कीजिए। (कोई एक) (2)

Explain the various factors which affects industrial growth. (any one)

**अथवा / OR**

निर्भरता अनुपात से आप क्या समझते हैं?

What do you understand by dependency ratio?

प्र.11 आर्थिक समस्यायें कैसे पैदा होती हैं? तीन कारण संक्षेप में दीजिए। (3)

How do economic problems arise? Give three reasons in short.

**अथवा / OR**

विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के अन्तर्संबंध को समझाइए। (तीन बिन्दु)

Explain the interrelationship between economic processes. (Three point)

mpcareer.in

प्र.12 आय वितरण विधि से राष्ट्रीय आय के आंकलन में क्या सावधानियाँ आवश्यक हैं? **(3)**

What are the main precautions required to be taken in estimating national income?

**अथवा / OR**

व्यय विधि से राष्ट्रीय आय के आंकलन के मुख्य सोपान क्या हैं?

What are the main steps in the expenditure method of estimating national income?

प्र.13 ''आगम'' शब्द की व्याख्या करें। यह लाभ से किस प्रकार भिन्न है? **(3)**

Explain the term "revenue". How is it different from profit?

**अथवा / OR**

निम्न तालिका पूर्ण करें:–

Complete the following table:

| उत्पादन (out put ) इकाईयाँ (units ) | कीमत (Price) रू. (Rs.) | TR रू. (Rs.) | AR रू. (Rs.) | MR रू. (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | | |
| 2 | 4 | | | |
| 3 | 3 | | | |
| 4 | 2 | | | |

प्र.14 भारत में आर्थिक नियोजन की प्रमुख असफलताओं का संक्षेप में वर्णन करें। **(3)**

Give an account of major failures of economic planning in India.

**अथवा / OR**

सन् 1991 की आर्थिक नीति में हुये मुख्य बदलाव लिखिए।

State the main changes in economic policy in 1991.



mpcareer.in

प्र.15 द्वितीयक आंकड़े क्या होते हैं? भारत में इनके तीन प्रमुख स्रोतों का वर्णन करिए। **(4)**

What is secondary data? Describe its three sources in India.

**अथवा / OR**

संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए: ''असमान वर्ग आवृत्ति बंटन'' पर (उदाहरण दें)।

Write short note on:"frequency distribution with unequal classes". (Give an Example)

प्र.16 दण्ड चित्र क्या है? संक्षेप में इसके विभिन्न प्रकार समझाइए। **(4)**

What is a bar chart? Explain briefly its various types.

**अथवा / OR**

इन आंकड़ों का प्रयोग कर एक काल सारिणी रेखा चित्र बनाइए :–

कोयले का उत्पादन (मि. टन)

| उत्पादन | 77.22 | 78.17 | 88.42 | 99.80 | 103.50 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | 1998 – 99 | 1999 – 00 | 2000 – 01 | 2001 – 02 | 2002 – 03 |

Draw a time series line graph on the basis of following data.

Production of Coal (M. T.)

| Production | 77.22 | 78.17 | 88.42 | 99.80 | 103.50 |
|---|---|---|---|---|---|
| Year | 1998-99 | 1999-00 | 2000-01 | 2001-02 | 2002-03 |

प्र.17 अंतिम व्यय के विभिन्न प्रकार बताइए। संक्षेप में इनके अर्थ समझाइए। (कोई चार बिन्दु) **(4)**

Name different final expenditure. Explain briefly their meaning.

**अथवा / OR**

किसी देश के राष्ट्रीय आय के अनुमानों के चार उपयोग बताएं।

Explain any four uses of national income estimates of a country.



mpcareer.in

प्र.18 स्थानापन्न तथा पूरक पदार्थों में भेद करें। प्रत्येक के दो–दो उदाहरण भी दें। (4)

Distinguish between substitute goods and complementary goods. Give two examples of each.

**अथवा / OR**

किसी वस्तु की आपूर्ति को प्रभावित करने वाले कारकों की संक्षेप में व्याख्या करें।

Explain briefly the various factors which influence the supply of a commodity.

प्र.19 आजादी के समय भारत की अर्थव्यवस्था की व्याख्या करें। (कोई चार बिन्दु) (4)

Give a brief account of the state of the Indian economy at the time of independence. (Any four point)

**अथवा / OR**

सन् 1991 के आर्थिक संकट के कारण संक्षेप में लिखिए।

Briefly state the factors that caused the Economic crisis of 1991.

प्र.20 भारत में कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए किए गये उपाय बताइए। (कोई चार) (4)

Explain the measures taken to raise agricultural productivity in India. (Any four)

**अथवा / OR**

विकासशील देशों में ऊँची जनसंख्या वृद्धि दर का प्राकृतिक और मानवीय संसाधनों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Explain the effects of high growth rate of population in developing countries on human and natural resources.

प्र.21 भारत में सार्वजनिक क्षेत्रों के उद्यमों के सामने क्या समस्याएँ है? (4)

What are the problems faced by public sector enterprises in India. (Any four)

**अथवा / OR**

''ऊँची जन्म दर जनसंख्या की ऊँची वृद्धि पर का मूल कारण है।'' क्या आप हमसे सहमत है? अपने उत्तर के समर्थन में कारण बताइए।

"High birth rate is the root cause of high growth rate of population". Give reasons to explain the above statement. Support your answers with example.



mpcareer.in

प्र.22 आर्थिक विकास एवं आर्थिक संवृद्धि में कोई चार अन्तर बताइए। क्या आर्थिक संवृद्धि के बिना, आर्थिक विकास सम्भव है? **(5)**

State any four differences between Economic growth and Economic development. Is Economic Development possible without Economic Growth?

**अथवा / OR**

आर्थिक विकास की प्रक्रिया में एक अर्थव्यवस्था में अनुभव होने वाले परिवर्तन बताइए। (कोई पांच)

Explain the changes experienced in an economy in the process of economic development. (Any five)

प्र.23 अंकगणितीय औसत / माध्य क्या है? प्रत्यक्ष विधि द्वारा अश्रेणीबद्ध आंकड़ों के आवृत्ति बंटन के माध्य के आंकलन की विधि समझाइए। **(5)**

What is arithmetic mean? Explain the method of calculating in case of ungrouped frequency data by direct method.

**अथवा / OR**

किसी कक्षा के 60 विद्यार्थियों के प्राप्तांक दिये जा रहे हैं। इनके माध्य की गणना, अप्रत्यक्ष विधि द्वारा करें।

अर्थशास्त्र में अंक (100 में से) : 20, 30, 40, 50, 60, 70

छात्रों की संख्या : 8, 12, 20, 10, 6, 4

Following are the marks obtained by 60 students of a class. Calculate the arithmetic mean by indirect method.

Marks in Economics (out of 100) : 20, 30, 40, 50, 60, 70

No of students : 8, 12, 20, 10, 6, 4

mpcareer.in

प्र.24 'सीमांत लागत' वाक्यांश की व्याख्या करें। एक उदाहरण द्वारा इसकी गणना करने की विधि समझाइए। (5)

Explain the term 'marginal cost'. Show with the help of an example how is it calculated.

**अथवा / OR**

व्यष्टि अर्थशास्त्र में प्रयुक्त 'अधिकतम लाभ' वाक्यांश की व्याख्या कीजिए।

Explain the term' maximum profit' as used in micro economics.

प्र.25 बजटीय नीति का अर्थ बतायें और उद्देश्यों की व्याख्या करें। (5)

Explain the meaning and objectives of budgetary policy.

**अथवा / OR**

मुद्रा के प्रकार समझाइये। (कोई पांच)

Explain the types of money. (Any Five)

प्र.26 भारतीय अर्थव्यवसाथ में उद्योगों का महत्व स्पष्ट कीजिए। (कोई पांच) (5)

Explain the importance of industries in Indian economy. (Any Five)

**अथवा / OR**

आयु व लिंग के आधार पर भारत की जनसंख्या संरचना की विवेचना कीजिए। इसके क्या परिणाम होगें?

State the age and sex composition of India's population. What are its implications?

---------------------------------------------



mpcareer.in